घरेलू उत्पादों के भारतीय बाजार में यूपी के उभरते हुए अवसर

लखनऊ। राज्य की राजधानी होने के साथ-साथ लखनऊ अपने विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोग्राम के साथ एक मिनी मेट्रो बनकर उत्तर प्रदेश का विकास केंद्र बन रहा है। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे ज्यादा आबादी वाला प्रदेश हैं शहर की सुशिक्षित एवं उच्चाकंक्षित युवाओं की बढ़ती जनसंख्या के साथ यहॉ की जीवनशैली बदल रही है। इस कारण से यहॉ पर घरेलू उत्पादो की मांग लगातार बढ़ रही है। लखनऊ भारत में उभरते रिटेल मार्केट में से एक है। 6 मार्च को लखनऊ में पत्रकारो से बातचीत करते हुए एच जी एच इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण रुँगटा ने लखनऊ एवं यूपीके उपलब्ध अवसरों की समीक्षा की। भारत के सबसे बड़े एवं प्रसिद्ध हस्तकला केन्द्र, जिन्होनें अपने अनोखे उत्पादों से विश्व के होम डेकोर, होम टेक्सटाइल्स एवं हाउसवेयर बाजारों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है, उत्तर प्रदेश में स्थित है। लखनऊ की चिकनकारी, मुरादाबाद का ब्रास मेटल वर्क, सहारनपुर की लकड़ी पर नक्काशी, फिरोजाबाद की के कॉच के सामान, भदोही के हस्तनिर्मित गलीचे कानपुर के चमड़े के उत्पाद, तथा आगरा का संगमरमर के सामान पूरे विश्व में प्रसिद्ध है।

तरुणमित्र , लखनऊ
8 मार्च 2019